# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com

www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–12, मार्च 2019


किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## नये जोश का प्रतीक

### देहरादून में KAMDHENU NXT डीलर्स मीट

बेहतरीन इस्पात उत्पादों का निर्माण करने वाली देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड आज पूरे देश में भरोसेमंद इस्पात उत्पादों का प्रतीक है। कंपनी ने हमेशा ही इनोवेशन और मोटिवेशन पर जोर दिया है। ऐसा करते हुए कंपनी ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की श्रृंखला को पेश किया और अपने डीलर्स को लगातार मोटिवेट किया है। इसी कड़ी में कंपनी ने पूरे जोश के साथ 'भव्य' डीलर्स मीट का आयोजन किया। जोश से भरा ये आयोजन देहरादून में डीलर्स मोटिवेशन प्रोग्राम का प्रतीक बना। इस आयोजन में कपंनी के 160 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए। कंपनी ने यहां पर कंस्ट्रक्शन को नई ऊंचाई देने वाले अपने उन्नत व इनोवेटिव उत्पाद Kamdhenu NXT की बेजोड़ क्षमताओं और नये इंसेंटिव प्रोग्राम को डीलर्स के साथ साझा किया।

डीलर्स को प्रोत्साहित करने और कंस्ट्रक्शन की नई जानकारी देने के लिए आयोजित किए गये इस इवेंट में कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल सहित कंपनी के पदाधिकारी श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम), श्री हरीश गौतम (सीनियर मैनेजर), श्रीमती नीतु कटारिया (सीनियर मैनेजर), श्रीमती कविता मिश्रा (सीनियर मैनेजर) और डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री मनीष तायल, श्री मनोहर केसरवानी एवं श्री महेंद्र सिंह चावला सम्मिलित हुए। यहाँ सुनील अग्रवाल जी ने भावी पीढ़ी के कंस्ट्रक्शन की अवाधारणा को किस तरह से मूर्त रूप दिया जा सकता है और विकास की गति में किस तरह से बेहतर योगदान दिया जा सकता है इसे डीलर्स को विस्तार से बताया।

राज्य में विकास की गति को ध्यान में रखते हुए और कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों ने स्मार्ट सिटी और परफेक्ट कंस्ट्रक्शन के महत्वपूर्ण घटक स्टील के महत्व को साझा किया। अपने काम को बेहतरीन तरीके से पूरा करने वाले डीलर्स को विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड देकर सम्मानित भी किया गया। इसके तहत अचीवमेंट अवार्ड, बेस्ट सपोर्टिंग डीलर्स अवार्ड और एक्सेलेंस अवार्ड भी दिया गया। राज्य में लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए Kamdhenu NXT का उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स रुकमणी आयरन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री संजय केजरीवाल, निदेशक राजीव केजरीवाल, निदेशक श्री अमन केजरीवाल और निदेशक श्री उमंग केजरीवाल भी सम्मिलित हुए।

इस सम्मेलन में डीलर्स को संबोधित करते हुए कंपनी के सीनियर जीएम श्री दिलीप मेहरा ने कहा, ''आप राज्य में जिस प्रतिबद्धता के साथ कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं उसकी हम प्रशंसा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आप इसी तरह अपने अथक प्रयासों को जारी रखेंगे। आपके प्रयासों से राज्य में कंपनी के उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है जिसे ध्यान में रखते हुए हम इस वर्ष राज्य में उत्पादन क्षमता को दोगुना करेंगे जिससे हमारे उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की उपलब्धता हमेशा बनी रहेगी। आपका और हमारा संयुक्त प्रयास इसी तरह एक लक्ष्य की ओर बढ़ता रहे और हम साथ–साथ विकास करते रहे।''




# DRDO में बनी 'कॉम्बेट कैजुअलिटी ड्रग्स'



भारत के **डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ)** ने एक खास दवा को बनाने में कामयाबी हासिल की है। दावा किया जा रहा है कि इस दवा से 90 प्रतिशत तक घायल व्यक्ति की जान को भी बचाया जा सकता है। **'कॉम्बेट कैजुअलिटी ड्रग्स'** नाम की इस दवा का इस्तेमाल करने से गोल्डन आवर को बढ़ाया जा सकता है। गोल्डन आवर यानी दुर्घटना स्थल से स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचने में उपचार शुरु होने तक का समय। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों का कहना है कि युद्ध के समय में ये दवा सैनिको के लिए वरदान है। डीआरडीओ की लैब इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसन एंड एलाइड साइंसेज में तैयार की गई **'कॉम्बेट कैजुअलिटी ड्रग्स'** में रक्तस्राव को रोकने वाली दवा, ग्लिसरेटेड सैलाइन और घाव भरने वाली ड्रेसिंग शामिल है।





# देश में बजा चुनावी बिगुल



चुनाव आयोग ने 10 मार्च को 17वीं लोकसभा के चुनाव की तारीखों की घोषणा दी। इस घोषणा के साथ ही देश की सभी राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी अभियान में लग चुकी है। पूरे देश में 543 सीटों पर होने वाले मतदान की शुरुआत 11 अप्रैल से होगी और 19 मई तक चलेंगे। एक महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस मतदान को 7 चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। चुनाव आयोग द्वारा बताया गया कि पहले चरण में 20 राज्यों की 91 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 97 सीटों पर मतदान होंगे। तीसरे चरण में 14 राज्यों की 115 सीटों पर मतदान होंगे। चौथे चरण में 9 राज्यों की 71 सीटों पर मतदान होंगे। पांचवें चरण में 7 राज्यों की 51 सीटों पर मतदान होंगे। छठवें चरण में 7 राज्यों की 59 सीटों पर चुनाव होंगे और सातवें चरण में 8 राज्यों की 59 सीटों पर मतदान होगा। चुनावी परिणामों की घोषणा 23 मई को की जाएगी। आम चुनाव के साथ–साथ सिक्किम, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, के विधानसभा चुनावों को भी काराया जाएगा। जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के साथ नहीं कराने का फैसला लिया गया है।

# गुरुग्राम में आयोजित हुई कामधेनु कलर मैक्स चैनल पार्टनर मीट

KAMDHENU
COLOUR MAX
COLOUR COATED METAL SHEETS




उच्च गुणवत्ता वाले कंस्ट्रक्शन उत्पादों का निर्माण कर कामधेनु लिमिटेड आज देश की शीर्ष कंपनियों में शुमार है। कंपनी के उत्पाद लगातार देश के औद्योगिक और घरेलू निर्माण को शानदार रूप दे रहे हैं। इनोवेटिव उत्पादों की श्रृंखला के साथ–साथ कंपनी निरंतर मोटिवेशनल प्रोग्राम को भी जारी रखती है ताकि कंपनी से जुड़ा हर व्यक्ति पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करे। कंपनी ने इसी योजना के तहत अपने ब्रांडेड उत्पाद कामधेनु कलरमैक्स कलरकोटेड शीट्स के डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य डीलर्स मीट को दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम में आयोजित किया।

16 फरवरी को गुरुग्राम के होटल लेमन ट्री में आयोजित इस चैनल पार्टनर्स मीट में कंपनी के 100 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने पूरे डीलर्स परिवार की सराहना करते हुए कहा, ''आप अपने काम के प्रति जो जज्बा दिखाते हैं वो काबिल–ए–तारीफ है। आपका ये कार्य कामधेनु परिवार को विकास की ओर अग्रसर कर रहा है। आप इसी तरह विकास करते रहें और आगे बढ़ते रहें।'' आगे कहते हुए उन्होंने कामधेनु कलर मैक्स शीट्स से जुड़ी खास बातों को विस्तार से बताया ताकि डीलर्स इसकी जानकारी ग्राहकों तक कुशलता के साथ पहुंचा सकें।

यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में सुश्री सौम्या अग्रवाल (बिजनेस हेड–शीट्स), श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम मार्केटिंग), श्री भास्कर चौधरी (जीएम मार्केटिंग), श्री अमित सोनी, श्री पुनीत अरोड़ा, श्री हेमचंद्र भट्ट, श्री रवि शंकर चौधरी, श्री अमन कुमार और सुश्री हेमा सैनी सम्मिलित हुए।

चैनल पार्टनर्स को प्रोत्साहित करने वाले इस इवेंट में कामधेन कलर मैक्स का लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स के.एल. स्टील से निदेशक श्री पंकज गर्ग और निदेशक राजेश गर्ग, मेसर्स जे.एस. इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से निदेशक श्री पलविंदर सिंह और श्री नरेश शर्मा, मेसर्स विंनद्रा पीईबी एंड रूफिंग सिस्टम से निदेशक श्री पंकज गर्ग और श्री नीतू गर्ग सम्मिलित हुए। भास्कर चौधरी ने कामधेनु कलर मैक्स के नये इनोवेशन को डीलर्स के साथ साझा किया। इसके साथ ही खास सुरक्षा फिचर को भी बताया और साथ ही प्रति प्लांट प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता 12000 मीट्रिक टन का भी उल्लेख किया। कामधेनु कलर मैक्स प्री–इंजीनियर्ड बिल्डिंग के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो पूरी तरह से बेस्ट कंस्ट्रक्शन का बेस्ट पार्टनर है।

इस सम्मेलन में कामधेनु कलर मैक्स शीट्स की बिजनेस हैड सुश्री सौम्या अग्रवाल जी ने सम्बोधित करते हुए कहा, ''आप सभी के सहयोग से आज कामधेनु कलरमैक्स लगातार नई ऊंचाइया छू रहा है। आपके प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। आपके ये प्रयास हमें भी मोटिवेट करते है कि हम आपके लिए कुछ नया इंसेंटिव लेकर आए और साथ ही अपने उत्पादों में भी नये–नये इनोवेशन का समावेश करे ताकि बाज़ार में नई संभावनाओं का लगातार निर्माण कर सके।''



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.03.2019



# जम्मू में रंगों की छटा बीखेरने सम्मिलित हुए कामधेनु पेंट्स डीलर्स



सजावटी रंग बनाने वाली देश की शीर्ष कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए हमेशा ही भव्य इवेंट का आयोजन करती है। ये इवेंट अपनी भव्यता के लिए जाने जाते है जो डीलर्स को हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते है। इसी कड़ी में कंपनी ने जम्मू और कश्मीर के डीलर्स के लिए एक बार फिर भव्य सम्मेलन को आयोजित किया। हमेशा की तरह इस सम्मेलन की भी एक खास थीम रही जिसने डीलर्स को झूमने पर मजबूर कर दिया। किशोर कुमार के बेहतरीन गीत ''गाता रहे मेरा दिल'' की थीम पर इस पूरे कार्यक्रम को कामधेनु पेंट ने आयोजित किया। 13 फरवरी को जम्मू के रिजॉट 'अनुथम एंड होटल' में आयोजित इस सम्मेलन में कंपनी के 200 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए।

कंपनी अपने हर रंग से देश के हर घर को सजाने का सपना लिए लगातार विकास कर रही है। कंपनी को शिखर तक ले जाने में कंपनी के डीलर्स भी लगातार अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। उनके इसी योगदान को सम्मानित करते हुए कामधेनु पेंट्स ने जम्मू के उन डीलर्स को यहाँ सम्मानित भी किया जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2018–19 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वेलेंटाइन–डे के एक दिन पहले आयोजित किए गये इस इवेंट में जाने माने गायक किशोर कुमार को श्रृद्धांजलि देते हुए डीलर्स को हमेशा खुश रहने और गुनगुनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही इस इवेंट में पदाधिकारियों द्वारा कंपनी के सभी पेंट उत्पादों को पेश करते हुए उनकी पूरी जानकारी भी दी गई। यहाँ प्रीमियम इमलशन कैमो ड्यूअल की गुणवत्ता को डीलर्स के सम्मुख रखा गया और इससे जुड़े मार्केटिंग गुर सिखाए गये।

यहाँ कंपनी के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''हमने ग्राहकों तक उच्च गुणवत्ता वाले पेंट उत्पादों को उपलब्ध करा कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। और हम इनोवेटिव पहल के साथ उच्च गुणवत्ता के सजावटि पेंट की बेहतरीन रेंज पेश कर रहे हैं। इसमें आपका योगदान सराहनीय है। आपने हर टारगेट को पूरा किया और ग्राहकों तक पेंट उत्पादों को बेहतरीन कोशिशों के साथ पहुंचाया है। कामधेनु परिवार के आप प्रमुख सदस्य है और आप ऐसे ही एक परिवार की तरह पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहे इसकी शुकामनाएं देता हूँ।''

इस सम्मेलन में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री सुभाष नंदा (मार्केटिंग हेड, जम्मू और कश्मीर), श्री हितेश छाबड़ा (मैनेजर, ब्रांड प्रमोशन) श्री प्रवीन सिंह (ब्रांच हेड, जम्मू) और अमित कक्कड़ (एएसएम, जम्मू) सम्मिलित हुए। यहाँ श्री नंदा ने कहा, ''आपके द्वारा की जा रही कोशिशें सराहनीय है। आपके अथक प्रयासों से हम लगातार नये लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। आपकी और हमारी साझेदारी नये लक्ष्य की ओर बढती रहे इसकी सभी को शुभकामनाएं''






## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री विशाल पोद्दार**
**मेसर्स पोद्दार स्टील ट्रेडिंग**
बुध बाजार, पोस्ट ऑफिस सावकुचि, लोखरा रोड, सावकुचि, कमरूप मेट्रोपोलिटन, गुवाहाटी, असम– 781040
मो.– 9854051914

**श्री सोरोन रामुंग**
**मेसर्स रामुंग इंटरप्राइजेज**
पिसगाह एनक्लेव, देवलाहलेंड, इंफाल वेस्ट, मणीपुर– 795001,
मो.–7005822506
9862589170

**श्री शरद कुमार शर्मा**
**मेसर्स गणेशराम शर्मा एंड कंपनी**
गणेशराम शर्मा बिल्डिंग, ए.टी. रोड, जोरहाट, असम–785001
मो.– 8135061574

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com